तापमान
अधिकतम 43 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

12 भाजपा ने 20 वार्डों में उतारे उम्मीदवार, पूर्व सीनियर .

12 भक्तों के कष्टों को दूर करने व धर्म की स्थापना ...


## खबर संक्षेप

### महिला सफाई कर्मी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कुरुक्षेत्र।** हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे-152 पर सफाई का काम कर रही महिला कर्मी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल महिला कर्मी ने 23 दिन बाद पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा दो गाड़ियों की लापरवाही से हुआ। हालांकि, पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक महिला की पहचान प्रियंका (36) निवासी क्योड़क जिला कैथल के रूप में हुई। प्रियंका एक सड़क कंपनी में बतौर सफाई वर्कर काम करती थी।

### अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड के साथ युवक धरा

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने थर्मल प्लांट ड्रेन वाला कच्चा रास्ते से एक युवक को अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में वहां घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सिपाही श्रवण कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक थर्मल प्लांट ड्रेन वाला कच्चा रास्ते पर संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा था।

### सरकारी स्कूल से चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** चोरों ने अराइयांवाला सरकारी स्कूल को निशाना बनाकर सोलर सिस्टम की बैंटरी व टूल्लु पंप समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव अराइयांवाला सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल शीलचंद ने बताया कि 21 अप्रैल को स्कूल की छुट्टी के बाद सभी अध्यापक ताला लगाकर घर चले गए थे। सुबह जब वह स्कूल में पहुंचे तो स्कूल के कमरों का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर स्कूल के कमरों से सोलर सिस्टम की बैंटरियां, टुल्लू पंप व अन्य सामान गायब मिला। जिनकी कीमत करीब 25 हजार रुपये है।

### हेरोइन तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** अंबाला पुलिस ने 24 घंटों में कार्रवाई करते हुए हेरोइन तस्करी के मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना मुलाना पुलिस ने सिरसगढ़ के पास से दिलीप उर्फ जस्सी और सोनू को 8.35 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा। वहीं, अंबाला छावनी पुलिस ने सुभाष पार्क क्षेत्र से राहुल को 9 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया। थाना सदर में दर्ज मामले में अंगद उर्फ मटरू को भी गिरफ्तार किया गया। सीआईए-वन टीम ने 1 किलो हेरोइन मामले में वांछित दीपक उर्फ मुकरी को पकड़ा। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां तीन को जेल और दो को रिमांड मिला।

### ठगी में 24 लाख बरामद डाकपाल भाई सस्पेंड

**पानीपत।** पानीपत में ब्लैकमेलिंग और ठगी के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी महेंद्र चावला से पूछताछ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एंटी नारकोटिक्स सेल ने उसकी निशानदेही पर 24 लाख रुपये की नकदी, एक कंप्यूटर सीपीयू और मोबाइल फोन बरामद किया है। गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसका दो दिन का पुलिस रिमांड और बढ़ा दिया गया।मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महेंद्र के भाई देवेंद्र, जो डाकपाल के पद पर कार्यरत था, और उसके पुत्र राम प्रसाद को भी गिरफ्तार किया। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद डाक विभाग ने देवेंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

व्यापारियों ने राइस मिलर्स के ट्रकों को मंडी में रोका, पुलिस पहुंची

# गुमथलागढ़ू मंडी में लिफ्टिंग को लेकर हंगामा, टोकन सिस्टम लागू

- ट्रकों की कमी से बढ़ा विवाद पक्षपात के आरोप भी लगे
- बारी के अनुसार लिफ्टिंग के लिए टोकन सिस्टम लागू, तब शांत हुए आढ़ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गुमथलागढ़ू मंडी में स्थिति उस समय तनाव पूर्ण हो गई। जब व्यापारियों ने राइस मिलर्स के लिफ्टिंग कर रहे ट्रकों को मंडी के अंदर ही रोक लिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद फैसला हुआ कि मंडी में टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा और बारी के अनुसार लिफ्टिंग होगी। तब जाकर आढ़ती शांत हुए। मंडियों की लिफ्टिंग का जिस फर्म ने टेंडर लिया हुआ है। उसके पास पर्याप्त ट्रक नहीं है। ऐसे में बिना ट्रकों के टेंडर देना ही गलत था। गाड़ियां ना होने की वजह से जब मंडी में अंबार लगने शुरू हुए तो राइस मिलर्स जिनके पास अपने अपने ट्रक हैं। उन्हें फर्म ने लिफ्टिंग के काम पर लगा दिया गया। आढ़ती रघबीर चट्ठा ने बताया कि अधिकतर राइस मिलर्स की अपनी आढ़त की दुकानें अनाज मंडी में है। जैसे ही इन्हें परमिशन मिली तो सभी ने अपनी अपनी दुकानों का माल उठाना शुरू कर दिया। बाकी मंडी को उसके हाल पर छोड़ दिया गया। जब हंगामा हुआ तो फैसला किया गया कि गुमथला मंडी को 20 ट्रक अलग से मिलेंगे। लेकिन फिर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। गुरुवार को जब राइस मिलर्स की गाड़ियां लिफ्टिंग के काम में लगी थी तो गुमथला मंडी के व्यापारी वहां पहुंच गए और उन्हें माल उठाने से रोक दिया। इन्होंने लिफ्टिंग के गेट पास काटने पर ऐतराज जताया। व्यापारियों का आरोप है कि खरीद एजेंसी के अधिकारी राइस मिलर्स के साथ मिले हुए हैं। जो शिकायत पर भी उनकी सुनवाई नहीं करते।

### गेट पास जारी नहीं किया जाएगा

जो ट्रक लिफ्टिंग कर रहे उन्हें रोक कर बाहर निकाल दिया गया।अब टोकन सिस्टम के जरिए ये ट्रक अंदर से लिफ्टिंग करेंगे। जो व्यक्ति बिना टोकन के लिफ्टिंग करवाएगा। उसे लिफ्टिंग का गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। **-चंद्र सिंह मार्केट कमेटी सचिव, गुमथलागढ़ू मंडी**

---

बिना दहेज के न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने लिए सात फेरे



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र निवासी न्यायाधीश प्रियंका वर्मा का उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण मंदिर में संपन्न सादगीपूर्ण और दहेज मुक्त विवाह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने प्रशांत के साथ बिना किसी दिखावे और दहेज के वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लेकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। विवाह समारोह बेहद सादगी और गरिमा के साथ सीमित परिजनों व करीबी रिश्तेदारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रियंका वर्मा के पिता डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा पुलिस में उप-निरीक्षक हैं, जबकि उनकी माता सुषमा वर्मा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। परिवार लंबे समय से सादगीपूर्ण जीवनशैली और उच्च सामाजिक मूल्यों का पालन करता आ रहा है। डॉ. वर्मा दहेज प्रथा के कट्टर विरोधी हैं और वर्षों से इसके खिलाफ जागरूकता फैलाते रहे हैं।उन्होंने अपने बच्चों को सादगी, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता के संस्कार दिए हैं तथा बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी है। यह विवाह केवल पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि दिखावे से अधिक महत्वपूर्ण आपसी सम्मान और सच्चे संस्कार हैं। रात्रि विवाह, डीजे, आतिशबाजी और विवाह में अनावश्यक व्यय को लेकर भी डॉ. वर्मा सदा से जागरूकता अभियान चलाते हैं।

# बिजली पोल लगाने का किसानों ने किया विरोध, काम रुकवाया

- जेई के समक्ष भी रखी बात, किसान बोले- बिना बातचीत विभाग ने पोल लगाने का काम शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

क्षेत्र में पावर हाउस से नई बिजली लाइन बिछाने के लिए लगाए जा रहे बिजली पोलों का किसानों ने जोरदार विरोध किया। किसानों ने मौके पर पहुंचकर पोल लगाने का कार्य रुकवा दिया और विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों का कहना है कि इतनी लंबी बिजली लाइन खेतों के ऊपर से गुजरने पर आगजनी का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे उनकी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में अक्सर तारों में स्पार्किंग की घटनाएं होती हैं, जिससे खेतों में आग लगने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग ने पोल लगाने से पहले किसानों से कोई बातचीत नहीं की और न ही उनकी सहमति लेना जरूरी समझा। किसानों का कहना है कि यह उनकी जमीन और आजीविका से जुड़ा मामला है,उनका कहना है कि विभाग को वैकल्पिक मार्ग तलाशना चाहिए और पहले किसानों के साथ बैठक कर सहमति बनानी चाहिए थी। बिना सहमति ऐसे कार्य नहीं किए जाने चाहिए। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि इतनी लंबी लाइन को यहां से ले जाने का औचित्य ही नही बनता। यह लाइन लाई जा रही है उस गोहर की चौड़ाई मात्र साढ़े सोलह फ़ीट है ।



**मुलाना।** खेत में पोल लगाए जाने का विरोध करते किसान।


# 20 लाख की धोखाधड़ी में दंपति गुजरात से पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सेक्टर-9 के सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार ने तकनीकी संसाधनों और सूचना तंत्र की मदद से 20 लाख की धोखाधड़ी के मामले में वांछित दंपति को गुजरात के सूरत से काबू करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पिछले करीब एक साल से पहचान छिपाकर गुजरात के विभिन्न स्थानों पर ठिकाने बदल-बदल कर रह रहे थे। शिकायतकर्ता महिला ने 25 जून 2025 को थाना सेक्टर-09 में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी जगमोहन सिंह, प्रबल बत्रा व अन्य ने उनके साथ 20 लाख की ठगी की है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को विश्वास में लिया था कि वे इस राशि से उनके दो बेटों और बेटी को कपड़े के व्यवसाय में पूरी तरह सेट कर देंगे। यह राशि शिकायतकर्ता ने कमेटियों व अपनी मेहनत की जमा पूंजी से इकट्ठा की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 1 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 के बीच झांसा देकर यह 20 लाख की राशि हड़पी थी। जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे लौटाने के बजाय उल्टा आत्महत्या कर उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगमोहन सिंह और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। दोनों यहां के पटेल नगर के रहने वाले हैं।

# नशा तस्कर को 10 साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



1 लाख 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी प्रेमवन योगेश्वर वासी मॉडल टाउन पानीपत को 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख 20 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 18 मई 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह, मुख्य सिपाही राजेश कुमार, नरेश कुमार की टीम कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर गांव मिजार्पुर के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रेमवन योगेश्वर वासी पाली राजस्थान हॉल वासी मॉडल टाउन पानीपत को भाखड़ा नाहर पुल के पास नाकाबंदी करके कार सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी के कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किवंटल 10 किग्रा डोडा/ चूरापोस्त तथा 2 किलोग्राम अफीम बरामद हई थी। आरोपी के विरुद्ध थाना केयूके में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। 22 अप्रैल 26 को मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश ने आरोपी प्रेमवन योगेश्वर वासी मॉडल टाउन पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा व 1 लाख रुपए जुमार्ना भी लगाया है।

### चालान में देरी पर एसएचओ व आईओ के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

- जुवेनाइल कोर्ट ने पुलिस की लापरवाही पर जताई सख्ती

**पानीपत।** पानीपत में जुवेनाइल कोर्ट ने चालान समय पर पेश न करने पर सख्त रुख अपनाया है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनीत लंबा ने इसराना थाना के एसएचओ और जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मामला 28 जनवरी 2026 का है, जब पुलिस मुठभेड़ में एक किशोर आरोपी शामिल था। पुलिस निर्धारित समय में कोर्ट में चालान पेश नहीं कर सकी, जिससे आरोपी को जमानत मिल गई। कोर्ट ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पुलिस अधीक्षक को जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

आरोपियों की तलाश तेज

### फिरौती के लिए पूर्व सरपंच के घर फायरिंग पर गैंगस्टरों पर केस

- विदेश में बैठे गैंगस्टर नोनी राणा समेत चार पर कार्रवाई

**यमुनानगर।** गांव भूरे का माजरा में पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर नोनी राणा, सुभम पंडित, अनिल उर्फ मोनू गुज्जर और कार्तिक शर्मा सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने फिरौती मांगने और इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन अज्ञात युवकों से फायरिंग करवाई। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।शिकायतकर्ता अंकित, निवासी गांव काठगढ़ (कुरुक्षेत्र), ने बताया कि वह आरओ सर्विस का काम करता है और वर्तमान में अपने जीजा पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर रह रहा था। मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे जब वह काम खत्म कर आराम कर रहा था, तभी बाइक सवार तीन नकाबपोश युवकों ने घर पर फायरिंग शुरू कर दी। शोर सुनकर बाहर आने पर आरोपियों ने उस पर भी जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, लेकिन वह बाल-बाल बच गया।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वारदात संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है।

हत्यारों पर लूट का आरोप

### दो माह पहले युवक की मिली थी लाश, पुलिस ने किया हत्या का केस दर्ज

- 21 मार्च को जिरकपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी

**अंबाला।** चरखी दादरी की विश्वकर्मा कॉलोनी के अरविंद (24) की हत्या कर शव अंबाला कैंट के नन्हेड़ा स्थित नाले में फेंक दिया गया। आरोपियों ने वारदात से पहले युवक से मोबाइल और 1.80 लाख रुपये की नकदी लूट ली। अरविंद 13 फरवरी को जिरकपुर से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला तो 21 मार्च को जिरकपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। जांच के दौरान पता चला कि कैंट के पड़ाव थाना पुलिस को 18 फरवरी को नन्हेड़ा श्मशान घाट के पास नाले से एक शव मिला था। शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने 21 फरवरी को उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। बाद में फिंगरप्रिंट और पुराने रिकॉर्ड के मिलान से शव की पहचान अरविंद के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में यूपी के अमन प्रसाद व अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। चरखी दादरी की संतरा देवी ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि पोता अरविंद 13 फरवरी को घर से जिरकपुर के मग्नेशिया मॉल के लिए निकला था।

विश्वकर्मा मोहल्ले में वारदात

### सूए से व्यक्ति पर हमला कर किया घायल पीजीआई रेफर

- आरोपी नामजद अन्य के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के विश्वकर्मा मोहल्ला में एक व्यक्ति पर बर्फ तोड़ने वाले नुकीले सूए से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी ने व्यक्ति के सिर, कमर और छाती में सूआ घोंप दिया। परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी अरुण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ऑटो रिक्शा चलाकर अपना गुजारा करता है। उसका 55 वर्षीय चाचा कुलदीप कुमार अविवाहित है। उसका चाचा उसके साथ ही रहता है और पेंटर का काम करता है। रात को उसका चाचा काम से घर लौट रहा था। जब वह विश्वकर्मा मोहल्ला की गली नंबर दो के पास पहुंचा तो पाला राम ने अपने तीन-चार अन्य साथियों के साथ उसके चाचा पर अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने सूए से कई बार वार किए।

---

केयू में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू, 120 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# उद्योगोन्मुख कौशल से ही बेहतर रोजगार संभवः प्रो. राकेश

- विशेषज्ञों ने छात्रों को इंडस्ट्री ट्रेंड्स व प्रैक्टिकल स्किल्स से कराया अवगत
- केवल सैद्धांतिक नहीं, व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी : डीन एकेडमिक अफेयर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर ट्रेनिंग, इंटर्नशिप एंड एम्प्लॉयमेंट द्वारा एमसीए, एमएससी और बीसीए के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी और आवश्यक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। उन्होंने जोर दिया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक दक्षता भी उतनी ही जरूरी है। कार्यक्रम में टीएआई इंफोटेक के विशेषज्ञ ट्रेनर नीरज सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों, इंडस्ट्री ट्रेंड्स और करियर उन्मुख कौशलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने सत्र में उन्होंने प्रैक्टिकल अप्रोच के माध्यम से छात्रों को वास्तविक कार्यक्षेत्र की चुनौतियों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से मजबूत बनाना है, बल्कि उन्हें उद्योग के अनुरूप कौशल से भी सुसज्जित करना है।

उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और भविष्य की तैयारी में सहायक हैं। इस अवसर पर प्रो. प्रदीप मित्तल सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

# 75 लाख से अपग्रेड होगा मीडिया संस्थान का स्टूडियो

- विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से संपन्न होगा मीडिया स्टूडियो : प्रो . पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में मल्टीमीडिया स्टूडियो को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। रूसा की 75 लाख रुपए ग्रांट से मीडिया संस्थान के मल्टीमीडिया स्टूडियो से यह उन्नयन कार्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक मीडिया तकनीकों से लैस करना है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्टूडियो के उन्नयन हेतु एक विस्तृत और सुनियोजित परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत स्टूडियो को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, जिससे यह एक पूर्णतः प्रोफेशनल स्तर का मल्टीमीडिया प्रोडक्शन केंद्र बन सके। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस पहल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मीडिया और संचार के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान का अत्यधिक महत्व है, और इस तरह के अत्याधुनिक संसाधन छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद्भागवत कथा संपन्न हवन के साथ पूर्णाहुति

**करनाल।** दयाल सिंह कॉलोनी पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हवन यज्ञ के साथ किया गया। कथा व्यास श्याम मोहन भारद्वाज के सानिध्य में कॉलोनीवासियों ने आहुतियां देकर पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. आरके सिंगला, अंकित सिंगला, नीरज सिंगला, मुकेश कालड़ा, पूनम कालड़ा, मुरारी बत्रा, सोनिया, अलका शर्मा, मोना संदूजा, राधेश्याम मोदी, चंद्र बत्रा व अनु बत्रा मौजूद रहे।



### अग्रकुल सेवा संस्था का 26 को स्वास्थ्य शिविर

करनाल। अग्रकुल सेवा संस्था द्वारा 26 अप्रैल को सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर में स्पाइन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. समर्थ मित्तल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर जैन तथा स्त्री एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता कुमारी मरीजों की जांच करेंगे। संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता के अनुसार शिविर में मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता मौजूद रहेंगी। शिविर में ब्लड प्रेशर, ईसीजी, ब्लड शुगर, बीएमडी, मेमोग्राफी व फाइब्रोस्कैन जैसी जांचें होंगी। इस मौके पर नरेश गर्ग, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, नरेश गोयल, जगदीश अग्रवाल, रमन बंसल व सूरज अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### संक्रमण रोकथाम के प्रति किया जागरूक



**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष कैंप आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित हुआ। प्राचार्या मीनू शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और किशोरों में आंतों के कीड़ों के संक्रमण को रोकना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना है।
कैंप में कुसुम लता व बबली का सहयोग रहा। रेड क्रॉस संयोजिका डॉ. दीप्ति शर्मा, सह संयोजिका डॉ. रेनू बालियान, रेड रिबन क्लब संयोजिका डॉ. पूनम कुंडू, सह संयोजिका डॉ. सुनीता सहित सभी प्राध्यापिकाओं और स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स-हेल्पर यूनियन ने किया प्रदर्शन

**मांगों को लेकर सभा की व लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

- मानदेय न मिलने से बिगड़ी आर्थिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर फव्वारा पार्क में सभा की और जिला सचिवालय तक प्रदर्शन किया। जिला प्रधान रूपा राणा व सचिव बिजनेश राणा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रूपा राणा, सतपाल सैनी, बिजनेश राणा व सर्वेश राणा ने कहा कि कई महीनों से मानदेय व किराया नहीं मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है।

यूनियन ने मांग की कि मानदेय का समय पर भुगतान, प्रमोशन में कोटा, लंबित भत्तों का भुगतान व अन्य समस्याओं का समाधान किया जाए।



**करनाल।** नारेबाजी करते आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन के सदस्य।



**करनाल।** धरना देते हुए अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांता, जगपाल राणा, ममता, मंजू, सुखविंद्र कौर, संतोष, रेखा, नरेश, सरोज, नीलम, सुदेश, रीना, ओपी सिहमार, गीता, कृष्ण शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।

### अग्निशमन कर्मियों के धरने को समर्थन

**करनाल।** अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के सदस्य सेक्टर-4 दमकल केंद्र में धरना दे रहे हैं। फरीदाबाद हादसे में मृत कर्मचारियों को शहीद का दर्जा और उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की जा रही है। जिला प्रधान संदीप त्यागी ने कहा कि मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। आंगनवाड़ी यूनियन ने भी धरने को समर्थन दिया। रूपा राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस अवसर पर बिजनेश राणा, कृष्ण शर्मा, ओमप्रकाश सिहमार, सेवाराम बड़सर, सतपाल सैनी, जगपाल राणा, कांता शर्मा, रीना, धर्मबीर राणा, कमलजीत, देवेंद्र, दिनेश राणा, धर्मवीर, राजेश शर्मा, अर्जुन व चैतराम मौजूद रहे।

# कर्मबीर नलवा के विशेष लोक अभियोजक बनने पर खुशी

- एनआईए मामलों में अनुभवी अधिवक्ता को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े अहम मामले में केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मबीर सिंह नलवा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। 22 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के केस नंबर आरसी-02/2025/ एनआईए/ जम्मू की सुनवाई और उससे संबंधित सभी कानूनी कार्यवाहियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस हमले में करनाल के सेक्टर-6 निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी शहीद हो गए थे।

उनकी शादी हमले से एक सप्ताह पहले ही हुई थी। 22 अप्रैल 2026 को हमले को एक वर्ष पूरा होने पर उनके परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### शहर से जुड़ाव बना खास

कर्मबीर सिंह नलवा का करनाल से गहरा पारिवारिक और सामाजिक जुड़ाव रहा है, जिससे यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। अब जहां एक ओर वे देश के इस बड़े मामले में न्याय दिलाने की जिम्मेदारी निभाएंगे, वहीं दूसरी ओर करनाल के शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल से जुड़े इस प्रकरण में उनका जुड़ाव इसे और भी महत्वपूर्ण बना देता है।

# श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में 'एक छात्र एक पौधा' अभियान की शुरुआत

- पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता के साथ भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश समाज तक पहुँचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं पृथ्वी संरक्षण के संकल्प के साथ की गई। बच्चों ने अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार के पौधे लाकर विद्यालय परिसर में उनका रोपण किया। विद्यार्थियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनके नाम, उपयोगिता, औषधीय गुणों तथा पर्यावरण में उनके महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस गतिविधि ने बच्चों में प्रकृति के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के दौरान भाषण, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन एवं लघु नाटिकाओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, वायु प्रदूषण, प्लास्टिक मुक्त जीवन और हरित पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिसर में एक छात्र एक पौधा अभियान के अंतर्गत हर छात्र को एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने कहा कि पृथ्वी हमारी जीवनदायिनी माता है, जिसकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे हिस्सा लेते श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के बच्चे।

# केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में 735 छात्राओं को दवा वितरण

- स्वास्थ्य जागरूकता के साथ संक्रमण रोकथाम पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष कैंप आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित हुआ।

प्राचार्या मीनू शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और किशोरों में आंतों के कीड़ों के संक्रमण को रोकना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। कैंप में कुसुम लता (सिविल डिस्पेंसरी) व बबली का सहयोग रहा। रेड क्रॉस संयोजिका डॉ. दीप्ति शर्मा, सह संयोजिका डॉ. रेनू बालियान, रेड रिबन क्लब संयोजिका डॉ. पूनम कुंडू, सह संयोजिका डॉ. सुनीता सलारिया सहित सभी प्राध्यापिकाओं और स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान 735 छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवा वितरित की गई।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे हिस्सा लेते श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के बच्चे।

# राजकीय आदर्श संस्कृत विद्यालय का परीक्षा परिणामों में उम्दा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98.43 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। स्कूल परिसर में आयोजित समारोह के दौरान प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

परीक्षा में ऋतु ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि विनायक 92 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मंशा दास 86.02 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के छात्रों ने केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा आठवीं के पांच विद्यार्थियों दीपक, वैशाखी, वासु और ऋतु सहित अन्य छात्रों ने एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा 9 से 12 तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का गौरव हासिल किया।

संस्कृत ओलंपियाड में भी विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

## न्यूज डायरी

### मोबाइल टावर के नाम पर साइबर ठगी, गिरफ्तार

**करनाल।** मोबाइल टावर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गिरिराज मीना निवासी त्रिशूलिया बोरखंडी, जिला बूंदी (राजस्थान) के रूप में हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि निसिंग निवासी गुरविंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि उसने फेसबुक पर मोबाइल टावर लगाने का विज्ञापन देखा। संपर्क करने पर आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर अलग-अलग किस्तों में करीब 1 लाख 35 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए। पैसे लेने के बाद आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### सूरज हत्याकांड के बाद राजपूत समाज भी लामबंद

**करनाल।** गोंदर गांव में हुए सूरज हत्याकांड के बाद सामाजिक तनाव बढ़ता जा रहा है। एससी समाज के बाद अब राजपूत समाज ने भी प्रदर्शन किया। राजपूत धर्मशाला सेक्टर-8 में एकत्रित होकर समाज के लोग लघु सचिवालय पहुंचे और एडीसी डॉ. राहुल रईया को ज्ञापन सौंपा। विरेंद्र चौहान, शुभम व अन्य प्रतिनिधियों ने मांग रखी कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने परिवार की सुरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने की भी मांग की।

### टोल प्लाजा फायरिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** थाना निसिंग क्षेत्र के प्योंत टोल प्लाजा पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल जनजोतरा निवासी गांव रॉवर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल की रात तीन गाड़ियां गलत दिशा में तेज रफ्तार से टोल पर पहुंचीं, बैरिकेड्स तोड़ने के बाद फायरिंग कर फरार हो गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 35 केंद्रों पर 26 अप्रैल को होगी एचसीएस परीक्षा

**करनाल।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिला पुलिस सतर्क हो गई है। जिले में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने सभी थाना प्रभारियों को होटल, धर्मशाला व सराय की नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। ठहरने वाले व्यक्तियों की पहचान सत्यापित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया है। साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### कुपोषण से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित

**करनाल।** एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि कुपोषित बच्चे मानसिक रूप से पूर्ण विकसित नहीं हो पाते, जिससे उनका आत्मविश्वास घटता है और वे बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। वे लघु सचिवालय में 8वें पोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सरपंचों को भी अभियान से जोड़ा जाए तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके पोषण में सुधार किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कद और वजन के आंकड़े तैयार करने तथा शिक्षा विभाग को स्कूलों में पौष्टिक आहार संबंधी गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला मोर ने बताया कि 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित पखवाड़े में विभिन्न थीम के तहत सैकड़ों गतिविधियां आयोजित की गईं। बैठक में डीडीपीओ कंचनलता, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश, डॉ. अभय, सीडीपीओ संतोष, रजनी राणा, मीना रतन व अंजू बूरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पृथ्वी दिवस पर अविका ने जीता पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र की कक्षा दशम की छात्रा अविका ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया जिसका विषय हमारा ग्रह हमारी शक्ति था। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न विज्ञान प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। जिसमें नवयुग स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संदीप गुप्ता द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए। साथ ही, विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक रहने और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में, विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए भी प्रेरित करता है। नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों के साथ अध्यापिका पूनम शर्मा उपस्थित रहीं।

### मल्लिकार्जुन के खिलाफ एफआईआर की मांग

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री पर दिए गए कथित विवादित बयान को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। हरियाणा भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के नेता पवन आश्री ने इस मामले को गंभीर बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री समेत राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजकर खड़गे के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पवन आश्री का आरोप है कि 21 अप्रैल को चेन्नई में आयोजित कांग्रेस की प्रेस वार्ता के दौरान खरगे ने राष्ट्रीय मीडिया के सामने प्रधानमंत्री को अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया, जिससे न केवल देश की छवि को ठेस पहुंची, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाएं भी आहत हुई हैं। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा कि इस तरह के बयान देश की गरिमा के खिलाफ हैं। आश्री ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, हरियाणा के मुख्य सचिव, एसीएस (होम), डीजीपी तथा कुरुक्षेत्र के एसपी को लिखित शिकायत भेज कर भारतीय कानून की संबंधित धाराओं के तहत तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कुरुक्षेत्र के एस.पी. चंद्र मोहन को दी शिकायत रजिस्टर्ड नम्बर 194958 दिनांक 22 अप्रैल में उन्होंने यह भी कहा कि देश का कोई भी नागरिक इस प्रकार के मामलों में कानूनी कार्रवाई कर सकता है। वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि किसी सार्वजनिक बयान से सामाजिक तनाव या वैमनस्य फैलने की आशंका हो, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई संभव है।

### 161 जगहों पर रेड, 92 सिलेंडर बरामद

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 161 जगहों पर रेड की है और 92 सिलेंडर भी जब्त किए है। इस विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। जमाखोरी करने वालो पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

### जजपा नेताओं और सीएसओ में हुई तीखी नोकझोंक



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में वीसी से मिलने पहुंचे जेजेपी नेताओ और यूनिवर्सिटी के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के बीच तीखी नोकझोंक हुई। वीरवार को जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति से मिलने के लिए पहुंचे थे, लेकिन जेजेपी नेताओं को देखकर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने वीसी कार्यालय के गेट को बंद कर दिया। इसके बाद यूनिवर्सिटी के सिक्योरिटी इंचार्ज नेताओं से बातचीत करने के लिए पहुंचे। मौके पर सीएसओ व जेजेपी नेताओं के बीच काफी देर तक बहसबाजी चली। विवाद बढ़ता देख मौके पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पहुंचे और मामले को संभाला। उन्होंने नेताओं से ज्ञापन लेकर जांच का आश्वासन दिया। जजपा नेता जसविंदर खेहरा ने कहा कि उन्होंने कोई तोड़फोड़ नहीं की है, उनके खिलाफ गलत एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उसी की जांच को लेकर वीसी से मिलने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि एफआईआर को रद्द करवाने सहित सीएसओ को बदलने की मांग की है। गौर रहे कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रॉपर्टी डैमेज करने के मामले में 11 जेजेपी पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है, जिसमें दिग्विजय सिंह चौटाला सहित जजपा नेताओं पर मामला दर्ज किया गया है। 7 अप्रैल को इनसो का कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आर के सदन में था और कार्यक्रम में कुछ कुर्सियां भी टूट गई थी।

## कार्यक्रम | प्राकृतिक खेती को मिशन बनाने का राज्यपाल ने किया आह्वान

# आर्यसमाज ने हमेशा लोक कल्याण का कार्य किया : आचार्य देवव्रत

**गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभागार में किया संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व में आर्य समाज ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसने समाज को जोड़ने और आपसी सौहार्द का वातावरण बनाकर सही दिशा देने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी ने आर्य समाज के नियम में मुख्यरूप से कहा कि प्रत्येक को केवल अपनी ही उन्नति में प्रसन्न नहीं होना चाहिए अपितु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए। परमार्थ का इससे बड़ा उदाहरण दुनिया में कहीं और नहीं मिल सकता। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में आर्यसमाज के गणमान्य लोगों सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल के संरक्षक आचार्य देवव्रत ने कहे। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर आर्य, महामंत्री विजयपाल आर्य, वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानन्द, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, वरिष्ठ भजनोपदेशक रामनिवास आर्य, जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य आदि भी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** आर्यसमाज के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

### कुरीतियों को दूर करने का किया प्रयास

आर्यजनों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आर्यसमाज ने हमेशा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का सफल प्रयास किया, समस्या का समाधान करना आर्यसमाज का मुख्य कार्य रहा है। भारतीय ऋषि परम्परा में दूसरों के दुःख को अपना समझना और पूरे समाज में आपसी भाईचारे का वातावरण स्थापित करना ही मानवता कहलाता है। प्राकृतिक खेती का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्य, संस्कारों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना भी जरूरी है। रासायनिक खेती ने जहां पर्यावरण, जल और भूमि को नुकसान पहुंचाया है, वहीं हमारे शरीर को बीमारियों का घर बना दिया है जिससे बचने का एकमात्र उपाय है -प्राकृतिक खेती। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती जीवनदायिनी कृषि पद्धति है जिससे आने वाली पीढ़ी को हम न केवल साफ-स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे, बल्कि उन्हें पोष्टिक आहार, शुद्ध जल और मित्र जीवों की सौगात भी उपलब्ध होगी। उन्होंने सभी आर्यजनों से आह्वान किया कि जिस प्रकार हवन और सत्संग के माध्यम से युवाओं में संस्कारवान बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है, उसी प्रकार किसान बन्धुओं को जनहित में प्राकृतिक खेती मिशन को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश में लगभग 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती से जुड़कर न केवल आर्थिक रूप से सम्पन्न हुए है बल्कि लोगों को पौष्टिक और शुद्ध अन्न भी उपलब्ध करवा रहे हैं। राज्यपालश्री ने बताया कि उनके आह्वान पर गुजरात में 8 लाख से अधिक किसान आज प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

### सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन : मंजू

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि सरकार ने सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने को लेकर एचपीवी वैक्सीन का अभियान चलाया हुआ है। आयुष विभाग अपने कार्यक्रमों के दौरान एचपीवी वैक्सीन को लेकर नागरिकों को लगातार जागरूक कर रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने की सलाह दी जिला कुरुक्षेत्र में पीएचसी टाटका द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल, गांव कसीथल एवं रामपुरा में 14 वर्ष की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया।

## खबर संक्षेप

### आत्मन ऐप के क्रियान्वयन पर हुई वर्कशॉप

**पानीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मडलौडा में 'आत्मन ऐप' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मडलौडा ब्लॉक के सभी विद्यालयों के नोडल टीचर्स के लिए वर्कशॉप का आयोजन हुआ। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान राकेश बूरा, जिला नोडल ऑफिसर रणदीप, खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार ब्लॉक नोडल अधिकारी मदन लाल पीजीटी केमिस्ट्री,शक्तिदर पीजीटी संस्कृत तथा आत्मन से जिला कोऑर्डिनेटर साहिल एवं अंकिता, माधवी, सारा के नेतृत्व में वर्कशॉप आयोजित की गई। सभी अधिकारियों ने आत्मन ऐप के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### समास्याओं का शीघ्र समाधान करें अधिकारीः उपायुक्त

**पानीपत।** पानीपत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर लोगों के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। जिला सचिवालय सभागार में आयोजित शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जन शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, सीईओ डॉ. किरण आदि उपस्थित रहे।

### एडीसी बोले, स्व-गणना करें नागरिक

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में जनगणना प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत 30 अप्रैल तक स्व-गणना की जा रही है। स्व-गणना को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, स्व-गणना एक सरल और डिजिटल प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं।

### डिजिटल प्रेजेंटेशन में संस्कृति रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता करवाई गई। जिनमें प्रथम संस्कृति, द्वितीय महेश व विनस, तृतीय वेदांत व विधि रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार तमन्ना को मिला। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, क्लास मेंटर रूबी बक्शी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### नशे के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में वीरवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बिलासपुर गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम ने बताया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद को उठे हाथ

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा वीवार को एक बार फिर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के तीन बच्चों का प्रवेश दूसरी, छठी व नौवीं कक्षा में डीलक्स मॉडल स्कूल पानीपत में करवाया गया। समिति के सदस्य हरमिंदर सिंह मिंकी ने कहा कि तीनों बच्चें मेधावी है और समिति उनकी शिक्षा में हर संभव सहयोग देगी।

### युवक पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत की एक कालोनी में साहिल नामक युवक किशोरी को बहला फुसला कर गुमराह करने, उस बार बार मोबाइल फोन सैट दे रहा है। वहीं विरोध करने पर साहिल ने किशोरी के पिता को पीटा और भाई को हत्या करने की धमकी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने साहिल पर धारा 115(2), 78, 351(3) बीएनएस और 8 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। एएसआई कविता ने बताया कि लडकी व उसके परिजनों के बयान दर्ज कर इस केस की जांच शुरू कर दी गई।

# पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच पुल का काम करती हैं पुस्तकें : डॉ. अरोडा

## एसडी पीजी कॉलेज में मनाई विश्व पुस्तक दिवस व शेक्सपियर की जयंती


पानीपत। एसडी कॉलेज में प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा के साथ मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ विद्यार्थियों ने किया किंग लीयर व द मर्चेंट ऑफ वेनिस नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्व पुस्तक दिवस और शेक्सपियर की जयंती मनाई गई। वहीं, एमए अंग्रेजी और अंग्रेजी आनर्स के विद्यार्थियों ने शेक्सपियर के लिखे 'किंग लीयर' और 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' नाटकों का मनमोहक मंचन किया। नाटकों के मंचन का उदघाटन कॉलेज प्रधान श्री दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया। वहीं, अंग्रेजी विभाग से प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ एसके वर्मा, डॉ मोनिका खुराना, डॉ वीरेंद्र गिल, प्रो डेनसन डी पॉल, प्रो मणि, प्रो मानसी आदि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और हौंसला अफजाई की। दूसरी ओर, दिनेश गोयल ने कहा कि विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस का मुख्य उद्देश्य पठन-पाठन, प्रकाशन और कॉपीराइट के माध्यम से बौद्धिक संपदा को बढ़ावा देना है । यह दिन किताबों की शक्ति, संस्कृति, साक्षरता और लेखकों के योगदान का सम्मान करता है। दूसरी ओर, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि पुस्तकें पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल का काम करती हैं, जो हमें अतीत, वर्तमान और भविष्य से जोड़ती हैं। पुस्तकें न केवल जानकारी प्रदान करती हैं, बल्कि धैर्य, सहानुभूति और जीवन को देखने का नया नजरिया भी सिखाती हैं। जबकि डॉ संतोष कुमारी ने 'किंग लियर' की और प्रो अन्नू आहूजा ने द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस नाटकों की कहानी सुनवाई।


पानीपत। आर्य कॉलेज में डॉ संतोष टिक्कू को स्मृति चिंह भेंट करती डॉ मनीषा व डॉ सुदेश। फोटो : हरिभूमि

## दैनिक आहार में पोषक तत्वों का संतुलन बेहद जरूरीः डॉ. टिक्कू

■ आर्य पीजी कॉलेज में पोषण पखवाड़ा पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा पोषण पखवाड़ा के अवसर पर वीरवार को जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग की निदेशक डॉ. संतोष टिक्कू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. टिक्कू ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए उचित खान-पान की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि दैनिक आहार में पोषक तत्वों का संतुलन बेहद जरूरी है। उन्होंने अच्छे और बुरे वसा (फैट्स) के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए शरीर को ऊर्जावान और सक्रिय बनाए रखने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक भोजन अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा डुडेजा, प्राध्यापिका डॉ. सुदेश तथा आस्था गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

## पानीपत को विकसित नगर बनाएंगेः विज

■ गीता कॉलोनी व बिशन स्वरुप कॉलोनी में विकास कार्यों के लिए 22 .75 करोड़ की ग्रांट मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने दावा किया कि पानीपत को विकसित शहर बनाया जा रहा है। वहीं पानीपत के विकास में प्रदेश सरकार भरपूर सहयोग कर रही है। वहीं, प्रमोद विज ने वार्ड 23 की गीता कॉलोनी और बिशन स्वरुप कॉलोनी में विकास कार्यों के लिए 22.75 करोड़ की ग्रांट मंजूर कराते हुए टेंडर जारी करवा दिए है। दूसरी ओर, विज ने बताया कि 5 करोड़ 90 लाख की लागत से एसटीपी का निर्माण कराया जाएगा, वहीं, कांट्रेक्टर के द्वारा छह सालों तक एसटीपी का रख रखाव भी किया जाएगा। एसटीपी के लगने से सीवरेज सिस्टम बेहतर होगा। गंदे व बरसाती पानी के भराव की समस्या का हल होगा। जबकि आठ किलोमीटर स्टॉर्म वाटर लाइन वार्ड में बिछाने का कार्य किया जाएगा। 10 किलोमीटर पानी की लाइन और इतनी ही लंबी सीवर लाइन बिछवाई जाएगी। दूसरी ओर, पार्षद अनिल मदान ने विधायक प्रमोद विज द्वारा वार्ड को दी हुई सौगात के लिए आभार जताया है।

## किसानों का मंडियों में हो रहा शोषणः मलिक

■ मडलौडा मंडी में अव्यवस्था का आलम, गेहूं का उठान धीमा, किसानों को फसल का भुगतान रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पानीपत ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, कांग्रेसियों के साथ मतलौडा मंडी का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक ने वीरवार को मडलौडा अनाज मंडी का दौरा कर वहां की जमीनी स्थिति का जायजा लिया और किसानों, आढ़तियों व मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। मलिक ने आरोप लगाया कि मंडी में लाखों कट्टे गेहूं खुले में पड़े हैं और उठान बहुत धीमा है, बारदाना की भारी कमी है, जबकि पोर्टल व बायोमीट्रिक की तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा 72 घंटे में भुगतान के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गेहूं का उठान नहीं होने के चलते किसानों को गेहूं का भुगतान नहीं हो रहा है। वहीं, प्रशासनिक समस्याओं का खामियाजा किसान, आढ़ती, मजदूरों का भुगतना पड रहा है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता बलवान वाल्मीकि, सतपाल वाल्मीकि, कृष्ण देशवाल, विनय गुप्ता, अजमेर दहिया, प्रेम भंडारी, राम सिंह सरपंच, काली, सुशील शर्मा, सोमबीर दहिया, राज दहिया, बलबीर खंडरा, बलबीर सरपंच, सतेंद्र जांगड़ा, सुरेश भट्टी, चत्तर सिंह, जगबीर इद्याना, राजू सरपंच, करम सिंह दहिया, चरण सिंह, मनोज कुमार व राममेहर थिराना आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## 49 सालों से आरक्षण का दंश झेल रहे 21 गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ रिजर्वेशन से गांवों में बनी उपेक्षा व असमान प्रतिनिधित्व की भावना


इनेलो नेता डॉ नवीन नैन भालसी।

पानीपत जिला के 21 गांवों में विधानसभा आरक्षण व्यवस्था को लेकर असंतोष और जनभावना खुलकर सामने आने लगी है। ग्रामीणों ने इसे अधूरी आजादी बताते हुए आगामी परिसीमन में निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन की मांग उठाई है। युवा इनेलो के प्रदेश महासचिव डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ और 1966 में हरियाणा अलग राज्य बना, वहीं, पानीपत के कई गांव आज भी बार-बार आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में शामिल होकर स्वयं को रिजर्वेशन की जकडऩ में बंधा महसूस कर रहे हैं। सन 1977 में परिसीमन में करनाल जिला की असन्ध सीट आरक्षित कर दी गई। बाद में इसराना रिजर्व में शामिल किए जाने से इन गांवों में वर्षों से उपेक्षा और असमान प्रतिनिधित्व की भावना बनी हुई है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि यह राजनीति नहीं, बल्कि जनहित, सामाजिक न्याय और आने वाली पीढिय़ों के भविष्य का प्रश्न है। युवाओं में निराशा, मेहनतकश परिवारों में उपेक्षा और सामाजिक संतुलन पर असर अब जनचिंता का विषय बन चुका है। भालसी, मडलौडा, वैसर, वैसरी, लोहारी, उंटला, बोहली, सिठाना, खण्डरा, बाल.जट्टान, शेरा, धर्मगढ़, रेर कलां, थिराना, जोशी, माजरा, कवि, नारा, आदियाना, आसन और थर्मल सहित 21 गांवों के लोग एकजुट होकर सरकार और चुनाव आयोग से मांग कर रहे हैं कि आगामी लोकसभा, विधानसभा परिसीमन में इन गांवों की स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। ग्रामीणों ने मांग रखी कि इन गांवों को वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से बाहर रखने पर विचार किया जाए तथा जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और जनभावना के आधार पर न्यायपूर्ण पुनर्मूल्यांकन किया जाए। डॉ.नवीन नैन भालसी व उक्त सभी ग्राम वासियों ने सरकार से आग्रह किया कि 21 गांवों की इस पुरानी मांग को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

## गर्भाशय कैंसर से बचाव को बेटियों में होगा टीकाकरण

■ राजकीय व निजी स्कूल के शिक्षकों व अभिभावकों को निभानी होगी बेटियों के प्रति जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य अधिकारी बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गर्भाशय कैंसर के विरुद्ध जिला में युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाएगा और सरकारी स्कूल के साथ-साथ प्राइवेट स्कूल के अध्यापक और अभिभावक ऑन को इसको लेकर जागरूक भी किया जाएगा। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर यह निर्देश दिए इससे पूर्व में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस टीकाकरण को लेकर राज्य स्तरीय बैठक भी ली। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसे "एक बार का कार्यक्रम" नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बनाया जाए। जितनी जल्दी जानकारी, जांच और टीकाकरण लोगों तक पहुंचेगा, उतनी ही तेजी से गर्भाशय कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सकती है। वहीं, बैठक में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी कहा कि इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता भी अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएंगे और इसको लेकर जागरूकता भी की जाएगी।

## युवती को कार से टक्कर मारने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने युवती को कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों अनिल निवासी गांव खोतपुरा, मुकेश निवासी गांव पल्हेडी, अनिल निवासी गांव बराना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में एल्डिको निवासी एक युवती की शिकायत पर थाना सेक्टर 13/17 में बीएनएस की धारा 109(2), 3(5) के तहत केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की।

### यूपी प्रवासी ने सुसाइड किया

पानीपत। पानीपत की देशराज कालोनी निवासी प्रमोद मूल निवासी गांव कुडक जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश ने कथित रूप से अपने कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं, पत्नी माया ने बताया कि प्रमोद ने सुसाइड क्यों किया इसका परिजनों को भी पता नहीं है। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद प्रमोद का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जनसमस्याओं का प्राथमिकता से हो रहा हलः ढांडा

■ शिक्षा मंत्री महिपाल को टीईटी अनिवार्यता खत्म करने को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, शिक्षकों का ज्ञापन लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिक्षकों के लिए भी टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिसको लेकर व कुछ अन्य मांगों के लिए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा वीरवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा गया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभू सिंह ने कहा कि इससे पहले एनसीटीई द्वारा ऐसे शिक्षकों को टीईटी से पूर्ण छूट दी गई थी। नए फैसले के तहत जिन शिक्षकों की सेवा अवधि पांच वर्ष से अधिक शेष है, उन्हें निर्धारित समय में टीईटी पास करना होगा अन्यथा उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। संघ ने मांग की है कि संसद के आगामी सत्र में इस मुद्दे को उठाकर संशोधन किया जाए। इसके अलावा जनगणना में ड्यूटी, कार्यक्षेत्र कर लगाने को लेकर, एसीपी में पचास प्रतिशत की शर्त को हटाने के लिए सेवा नियमावली संशोधन व तबादला नीति में संशोधन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। संघ के राज्य प्रधान प्रभू सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में राज्य ऑडिटर पवन कुमार, अनिल कुमार सैनी, अजय कुमार पूनिया, सर्व कर्मचारी संघ जिला पानीपत प्रधान अमरीश त्यागी, कश्मीर सिंह राज्य उपप्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, शिव कुमार अहलावत शामिल रहे।

### रिवॉल्वर व छह कारतूस बरामद

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने राहुल उर्फ भोलू पुत्र संजय निवासी बुसाना सोनीपत को अवैध रिवॉल्वर व छह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी राहुल स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार था। वहीं, आरोपी राहुल और कवि गांव निवासी अजीत उर्फ जीता काफी समय से दोस्त है। अजीत जानलेवा हमले के एक मामले में जेल से बेल पर आया हुआ है। आरोपी अजीत उर्फ जीता के साथ पानीपत आया था। इधर, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी राहुल के कब्जे से बरामद अवैध रिवाल्वर, जिंदा रौंद व स्कॉर्पियो गाड़ी कब्जा पुलिस में लेकर थाना शहर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

**पहल** स्मार्ट सर्विलांस से सुरक्षित बनेगा पानीपत, टेंडर प्रक्रिया जल्द

## पानीपत की सुरक्षा को मिलेगा हाईटेक कवच, 400 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया व एसपी भूपेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पानीपत में सीसीटीवी लगाने को लेकर बैठक करते डीसी, एसपी आदि। फोटो : हरिभूमि

विश्व विख्यात ऐतहासिक व टेक्सटाइल नगरी पानीपत में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने उपायुक्त कार्यालय में बीएसएनएल के तकनीकी विभाग, विभिन्न कंपनियों के आपूर्तिकर्ताओं तथा संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

इस बैठक में पूरे शहर में महंगे अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए डीसी डॉ दहिया ने बताया कि शहर के अलग-अलग संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर करीब 400 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को इंटरनेट से जोड़ा जाएगा, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी।

उन्होंने कहा बताया कि कैमरों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कैमरे उच्च गुणवत्ता के होंगे, जिन पर पांच साल की वारंटी भी दी जाएगी। वहीं, उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और प्रतिष्ठित कंपनियों को इसमें शामिल किया जाएगा। कैमरों का चयन इस तरह किया जाएगा कि उनकी जूम क्षमता बेहतर हो, जिससे दूर तक की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। डीसी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं हैं, बल्कि यह शहर की सुरक्षा व्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनेंगे। इन कैमरों के माध्यम से अपराधों की रोकथाम में काफी मदद मिलेगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सकेगी और पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में सहायता मिलेगी।

### महिलाओं को मिलेगी सुरक्षा

इसके अलावा, ट्रैफिक मैनेजमेंट में भी यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित होगी। हमारा उद्देश्य है कि पानीपत को एक सुरक्षित और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित किया जाए, जहां नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें। उपायुक्त ने कहा कि कैमरों की मौजूदगी से अपराधियों में भय का माहौल बनेगा और कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही, किसी घटना के बाद साक्ष्य जुटाने में भी यह तकनीक बेहद कारगर साबित होगी। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बिना आज के समय में प्रभावी पुलिसिंग संभव नहीं है। सीसीटीवी कैमरे पुलिस के लिए 'आंख और कान' की तरह काम करेंगे। इससे अपराधियों की पहचान आसान होगी और घटनाओं का त्वरित विश्लेषण किया जा सकेगा। शहर में लगने वाले ये कैमरे न केवल अपराध नियंत्रण में मदद करेंगे, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और आपात स्थितियों में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

## दोनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज

थाना हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने वीरवार को पानीपत के सिविल अस्पताल में सात वर्षीय विनीत पुत्र सोनू और 14 वर्षीय गुनीत पुत्र साहब सिंह निवासी गांव बबैल जिला पानीपत के शवों का पोस्टमार्टम करवाया। वहीं, पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। स्मरणीय है कि विनीत व गुनीत एक ही परिवार से है और दोनों बुधवार की रात को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से काल का ग्रास बन गए थे। दूसरी ओर, वीरवार को गुनीत व विनीत का गांव के चहाडो में बहुत ही दुखद माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## ज्ञान सागर ने राष्ट्रीय वेटरन बैडमिंटन में जीता रजत पदक

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र के ज्ञान सागर ने राष्ट्रीय वेटरन बैडमिंटन खेलों में मिक्स डबल्स में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। मिक्स डबल्स (70 प्लस) में ज्ञान सागर के साथ पंचकूला की उषा शर्मा ने भी बैडमिंटन में उम्दा प्रदर्शन किया और रजत पदक पर कब्जा किया। जानकारी देते हुए 74 वर्षीय ज्ञान सागर ने बताया कि यह आयोजन वॉरियर्स एवं वेलफेयर ऑग्रेनाइजेशन मोहाली द्वारा किया गया। टूनार्मेंट में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। ज्ञान सागर ने बताया कि मिक्स डबल्स में उनके साथ उषा शर्मा पंचकूला थी जबकि उनका मुकाबला सतपाल एवं बिंदु के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किए माता वैष्णो देवी के दर्शन

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने परिवार सहित माता जम्मू कटड़ा पहुंच कर वैष्णो देवी के दर्शन कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि जब भी समय लगता है वो धार्मिक स्थानों पर जाकर पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते है।

### सद्भाव यात्रा के 200 दिन पूरे : सुरेंद्र गर्ग

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व निकाली जा रही सदभाव यात्रा में मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग एवं कांग्रेस युवा नेता रामकुमार घोघड़िया पहुंचे। बृजेंद्र सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर वो यात्रा में चले। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 5 अक्टूबर को दनौदा के चबूतरे से शुरू हुई सद्भाव यात्रा को 200 दिन हो चुके है। 3 हजार किमी. से अधिक पैदल यात्रा में बृजेंद्र चल चुके है। यात्रा को हर वर्ग का समर्थन मिला है। कहा कि यात्रा से भाईचारे की मजबूती का संदेश गांव, शहरों, सड़कों पर पैदल चलकर दिया जा रहा है।

### उपमंडल कार्यालय में लगाया समाधान शिविर

**उचाना।** एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर कांफ्रेस हाल में लगाया गया। एसडीएम ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे।

### तय समय में समस्या का हल प्रशासन की जिम्मेदारी

**जींद।** जुलाना उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम होशियार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ध्यानपूर्वक सुनना और तय समय सीमा के भीतर उसका निपटान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा हर शिकायत का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

### ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण 28 तक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रबी की फसल में हुई आगजनी से प्रभावित किसानों के लिए हरियाणा सरकार से ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया था। हरियाणा सरकार ने जिला के प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रबी की फसलों के नुकसान का पंजीकरण के लिए 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया है। बताया कि फसलों के पंजीकरण के लिए किसान का परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। किसान द्वारा मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज के सभागार में आज प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में कालेज के रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस छात्राओं को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल दी गई। प्राचार्या डा. अंजना व रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता ने संयुक्त रूप से कहा कि दवा का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे

# भाजपा ने 20 वार्डों में उतारे उम्मीदवार, पूर्व सीनियर व डिप्टी मेयर को फिर टिकट सौंपी


### पांच पूर्व सदस्यों के साथ दो सदस्य पति भी मैदान में उतारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने सभी 20 वार्डों से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर समेत कई पूर्व सदस्यों को फिर से मैदान में उतारा है। कुछ वार्डों से नए चेहरे भी मैदान में उतारे गए हैं। उधर वीरवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंदर कौर सैनी ने वीरवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा, अंबाला सांसद वरूण मुलाना व अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह मौजूद रहे। नामांकन से पहले मानव चौक के पास एक जनसभा भी रखी गई। यहां सभी नेताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। दावे से कहा कि निगम चुनाव में इस बार कांग्रेस भाजपा को शिकस्त देकर सत्ता में आएगी। बता दें कि कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार कुलविंदर कौर सैनी समाज से आती हैं। उनके पति कृपाल सिंह प्रॉपर्टी कारोबारी हैं। अंबाला नगर निगम में मेयर की सीट इस बार बीसी बी कैंडिडेट के लिए रिजर्व होने के बाद कृपाल सिंह सक्रिय हुए। उन्होंने अपनी पत्नी के लिए मेयर का टिकट मांगा था। एकमात्र आवेदन आने की वजह से उनकी टिकट पहले से ही तय हो गई थी।

**छह सदस्य पद के उम्मीदवारों ने भी दाखिल किए नामांकन पत्र**

इस अवसर पर पूर्व विधायक जसबीर मलौर के अलावा निगम चुनाव के लिए हरियाणा के सह-प्रभारी प्रफुल्ल कुमार, कांग्रेस पंचायती राज के प्रदेशाध्यक्ष फोमलाल, सुरजीत सिंह पंजोखरा, मान सिंह खुर्चनपुर, काला मलौर, ईश्वर सिंह, बलजिंदर सिंह ठुल्ला, लाभ सिंह ठरवा, टिंका कांवला, राजबीर लंडा, विक्की मलौर, महेंद्र सिंह जंडली, हरदीप सिंह केसरी, सार्थक, गौरव, जसपाल सौंडा, साधु राम, बबला हरी,साधुराम दूंढवा भी मौजूद रहे।

अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व नामांकन पत्र दाखिल करती कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी। फोटो : हरिभूमि

### निगम की सत्ता पर काबिज होगी कांग्रेसः राव नरेंद्र

**अंबाला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने दावा किया है कि नगर निगम चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले 11 वर्षों से महिला आरक्षण के मुद्दे पर देश की जनता को गुमराह कर रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने निगम चुनाव में पांच सीटों में से चार टिकटें महिलाओं को देकर यह सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस ही वास्तव में महिलाओं के हितों की सच्ची पक्षधर है। प्रदेशाध्यक्ष मेयर उम्मीदवार का नामांकन पत्र दाखिल करवाने के उपरांत पूर्व विधायक जसबीर मलौर के आवास पर पहुंचे। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर निगम चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस में गुटबाजी का झूठा प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट होकर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस पर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि चुनाव में टिकटों की सूची देर से जारी होती है, लेकिन इस बार पार्टी ने भाजपा से पहले उम्मीदवारों की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं और संबंधित निगमों की जनता से विचार-विमर्श के उपरांत ही प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का संदेश देते हुए कहा कि निगम चुनाव में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भाजपा ने इन उम्मीदवारों को दिए टिकट

| | |
|---|---|
| ⏭ वार्ड नंबर 1 | विशाल राणा |
| ⏭ वार्ड नंबर 2 | बरखा सोहता |
| ⏭ वार्ड नंबर 3 | मनीष आनंद (पूर्व सदस्य) |
| ⏭ वार्ड नंबर 4 | वरिंद्र नाथ |
| ⏭ वार्ड नंबर 5 | राजेश मेहता (पूर्व डिप्टी मेयर) |
| ⏭ वार्ड नंबर 6 | अर्चना छिब्बर (पूर्व सदस्य) |
| ⏭ वार्ड नंबर 7 | मोनिका मल (पूर्व सदस्य) |
| ⏭ वार्ड नंबर 8 | मीना ढींगरा (पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर) |
| ⏭ वार्ड नंबर 9 | शिवानी सूद |
| ⏭ वार्ड नंबर 10 | गुरविंद्र सिंह |
| ⏭ वार्ड नंबर 11 | कविता |
| ⏭ वार्ड नंबर 12 | कमल अग्रवाल |
| ⏭ वार्ड नंबर 13 | शोभा पूनिया (पूर्व सदस्य) |
| ⏭ वार्ड नंबर 14 | बीनू गर्ग |
| ⏭ वार्ड नंबर 15 | राजकुमार गुप्ता |
| ⏭ वार्ड नंबर 16 | निकुंज चावला |
| ⏭ वार्ड नंबर 17 | गुरप्रीत सिंह साहनी (पूर्व सदस्य के पति) |
| ⏭ वार्ड नंबर 18 | हितेष जैन पूर्व सदस्य |
| ⏭ वार्ड नंबर 19 | दिनेश सूद (पूर्व सदस्य के पति) |
| ⏭ वार्ड नंबर 20 | सपना रानी |

### सात ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अंबाला।** नगर निगम चुनाव को लेकर वीरवार को कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी के साथ सदस्य पद के लिए भी कई उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी ने एआरओ के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य पद के लिए आजाद उम्मीदवार के तौर पर सुमन लता ने वार्ड नंबर 19 से, कांग्रेस के एडवोकेट मिथुन वर्मा ने वार्ड नंबर 12 से, आम आदमी पार्टी से एडवोकेट हरनेक सिंह ने वार्ड नंबर 16 से, आजाद उम्मीदवार के तौर पर इंद्र मोहन ने वार्ड नंबर 3 से तथा आजाद उम्मीदवार के तौर पर रविंद्र कुमार ने वार्ड नंबर 5 से नामांकन पत्र दाखिल किया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर वार्डों के मुताबिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर इस प्रक्रिया को किया गया है।

## अतिथि अध्यापकों को पक्का किया जाए

- कोर्ट के फैसले से अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला इकाई ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद प्रदेश के अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का रास्ता साफ हो गया है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि सभी कानूनी अड़चनों के दूर होने के बाद जल्द से जल्द अतिथि अध्यापकों को पक्का किया जाए। मुलाना में आयोजित बैठक के बाद जिला प्रधान सतनाम सिंह, जिला सचिव मुकेश घारू तथा राज्य कमेटी सदस्य बृजमोहन ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 17 अप्रैल को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की 16 व 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों को वैध करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापक इन नीतियों की सभी शर्तों को पूरा करते हैं, इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से नियमित किया जाना चाहिए। जिला संगठन सचिव भूप सिंह खटकड़ और अंबाला कैंट सचिव गोपाल शास्त्री ने कहा कि अतिथि अध्यापकों को जून 2014 से सभी लाभ दिए जाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में राज्य सरकार ने ग्रुप बी, सी व डी के कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नीतियां बनाई थीं, जिनके तहत कई विभागों के 4654 कर्मचारियों को पक्का किया गया था।



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए अतिथि अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## किशोरियों को लगाई जाएगी एचपीवी वैक्सीन

- उपायुक्त अजय सिंह ने चिकित्सा के साथ शिक्षा अधिकारियों को भी अभियान में अहम भूमिका निभाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह वैक्सीन सभी पीएचसी सेंटरों पर निशुल्क लगाई जा रही है। इसके कोई दुष्परिणाम नहीं है। इसलिए 14 वर्ष से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी लड़कियां इसे लगवाना सुनिश्चत करे। डीसी वीरवार कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के डाक्डरों व अन्य के साथ एक बैठक ले रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने एचपीवी वैक्सीन विषय पर विस्तार से समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाई जाए इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### टीकाकरण अवश्य कराएं

वैक्सीन सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। एकल खुराक से भी प्रभावी सुरक्षा प्राप्त होती है। सिविल सर्जन डॉ. रेणू बेरी व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नीलम कुशवाहा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से सुरक्षित रखा जा सके।

### समन्वय के साथ कार्य करें

उपायुक्त ने संबधित डाक्टरों व अन्य की बैठक लेते उन्हें कहा कि यह कार्य बेहद जरूरी है तथा इसके लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग व अन्य विभाग बेहतर समन्वय बनाकर इस कार्य को करें ताकि जिले में जो भी लडकी इस आयु वर्ग की है उसे कवर करते टीकाकरण किया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कहा कि सरकारी व निजी स्कूलों में पीटीएम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों का सहयोग लें। पीटीएम में छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस वैक्सीन के बारे विस्तार से जानकारी दे ताकि वे भी जागरूक हो सके और बिना संकोच के अपनी लड़कियों को वैक्सीन लगवा सके। इसी प्रकार गांवों में सरपंचों व अन्य को भी इस बारे जागरूक किया जाए ताकि सभी को इस वैक्सीन के बारे में संपूर्ण जानकारी मिल सके ।

## बिल को गिरा कर कांग्रेस पार्टी ने किया महिलाओं का अपमान : कविता जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा की पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि देश की आधी आबादी नारी शक्ति को नारी शक्ति वंदना बिल को लेकर बड़ी आस थी। बिल के पारित होने के साथ नारी शक्ति को लोकसभा तथा विधानसभा में उनका हक मिलेगा। कांग्रेस, टीएमसी, सपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा बिल को पारित ने होने देना नारी शक्ति का अपमान है। यह भी साफ है कि बिल पास होगा और 2029 महिला शक्ति को उसका हक मिलेगा। पूर्व मंत्री कविता जैन गुरूवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को देश की आधी आबादी 70 करोड़ देश की महिलाओ को उत्साह था कि विपक्ष एकजुट होकर पार्टी बाजी से ऊपर उठ कर महिला शक्ति के लिए अच्छा फैसला लेगा। कांग्रेस, टीएमसी व उनके सहयोगियों ने मिल विपक्षी दलों से मिल कर बिल का पारित नही होने दिया। जब बिल गिरा तो विपक्ष ने उसका मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि आंगन से लेकर आंतरिक्ष, खेल से युद्ध तक, पंचायत से लेकर संसद तक हर मोर्चे पर महिलाओं ने अपने आप को साबित किया है। 17 अप्रैल को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था। विपक्ष ने बहाने बना कर के झूठी बातें लोगों के बीच में रख कर के इस बिल को गिराने का काम किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोचा था कि जो परिसीमन के अंदर जो परिवर्तन होना है, जितने भी सीटें बढ़ेंगी इस विधायक को पारित करें और यह सुनिश्चित करें कि 2029 के चुनाव के अंदर महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो।



### विपक्ष के पास नहीं बचा कोई मुद्दा : संदीप चहल

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। कांग्रेस का अस्तित्व कांग्रेस की गलत नीतियों के चलते खत्म होने की कगार पर है। जितने भी चुनाव हो रहे है कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों को करारी हार मिल रही है। अब बंगाल का चुनाव हो या किसी दूसरे राज्य का वहां पर भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की जीत होगी। आज कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस आज खुद ही एकजुट नहीं है। कांग्रेस की गुटबाजी आज सबके सामने है। गेहूं के जो नए नियम बनाए गए थे उससे किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। किसान अपनी फसल को दो से तीन मिनट में फड़ पर उतार कर घर, खेत पहुंच रहा था। उन्होंने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री खुद किसान परिवार है से वो खेती करते है। खेती, किसान की हर समस्या को वो जानते है।

## मंडोर स्कूल में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

- विद्यार्थियों को बधाई देते की उज्ज्वल भविष्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंडोर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक मुख्याध्यापक जसविंदर सिंह ने कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर रामफल शास्त्री, शशि भूषण, सुमन, अजय बाबूजी, अमित डीपी, सोनिया, रणदीप सिंह, संदीप, शिवानी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### तेजधार हथियार से किया हमला, दो भाई घायल

**जींद।** गांव बराड़खेड़ा में कहासुनी के चलते तेजधार हथियार से हमला कर दो भाइयों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बराड़खेडा निवासी कुलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई प्रवीण के घर लौट रहा था। रास्ते मे उनकी गांव के ही दीपक से कहासुनी हो गई। दीपक ने तेज हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाई घायल हो गए।

## भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वर्णन किया

बाबा गोपालदास महाराज के प्रवचनों पर झूमे श्रद्धालु

# भक्तों के कष्टों को दूर करने व धर्म की स्थापना के लिए ही भगवान धरती पर लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परमात्मा निराकार है मगर वो भक्तों की भावना अनुसार साकार रूप धारण कर लेता है। जगत के कण-कण में व्याप्त है परमात्मा। यह सद्विचार श्री सिद्ध किराना सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवद कथा के पांचवे दिन बाबा गोपाल दास महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने भगवान के अवतार वाद का रहस्य वाद समझाते हुए कहा कि परमात्मा कण -कण विद्यमान है। आवश्यकता पड़ने पर वह कहीं भी किसी भी रूप में प्रकट हो सकता है। भला जो विश्व इतने रूप बनाता है। वह स्वयं अपना कोई रूप क्यों नहीं बना सकता। उन्होंने कहा कि पाप का नाश करने, भक्तों के कष्टों को दूर करने और धर्म की स्थापना के लिए ही भगवान इस धरा पर अवतार लेते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान पूतना वध, गोवर्धन लीला तथा माखन लीला का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। बाबा गोपाल दास ने कहा कि पूतना राक्षसी को कंस ने बालक श्रीकृष्ण की हत्या के लिए भेजा था। वह सुंदर स्त्री का रूप धारण कर गोकुल पहुंची और विषैले स्तनों से बालक को दूध पिलाने लगी। लेकिन सर्वज्ञ भगवान श्रीकृष्ण ने उसके प्राण ही हर लिए और उसे मोक्ष प्रदान किया।



अंबाला। आरती कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आस्था के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी

बाबा गोपाल दास जी महाराज द्वारा गाए भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा के पांचवें दिन की लीलाओं ने सभी को भक्ति और आस्था के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### 20 लाख रुपये ठगने वाला आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पैसों को दोगुना करने का लालच देकर 20 लाख रुपये ठगने व पैसे वापस मांगने पर अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहित के तौर पर हुई जोकि छप्पर यमुनानगर का रहने वाला बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता दीपक वासी गांव दुखेड़ी की शिकायत पर 15 अप्रैल 2026 को पुलिस ने लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी रोहित व अन्य ने उसके तथा रमन के पैसों को दोगुना करने का लालच देकर कुल 20 लाख ठगने व पैसे वापस मांगने पर अभद्र व्यवहार कर मारने की धमकी दी है।